महावीराचार्य कृत 'गणितसार-संग्रह'*

—डॉ० अलेक्जेंडर वोलोदार्स्की

मध्यकालीन भारतीय गणित के विकास में महावीराचार्य कृत 'गणितसारसंग्रह' का विशिष्ट स्थान है जिसकी ओर विज्ञान के इतिहास विषयक ग्रंथों में पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया है। (उदाहरण के लिये दे० सन्दर्भ साहित्य सं० [1])। इस लेख में महावीराचार्य की विषय-वस्तु का विश्लेषण तथा मूल्यांकन प्रस्तुत किया गया है।

महावीराचार्य के जीवन की बहुत कम जानकारी उपलब्ध है। स्वयम् उन्होंने अपने जन्मकाल, जन्म-स्थान और माता-पिता तथा गुरुओं के विषय में कुछ नहीं लिखा है। 'गणितसारसंग्रह' के पहले अध्याय में लेखक ने किसी भारतीय शासक को संबोधन किया है जिसने सन् 814-815 से लेकर सन् 877-878 तक शासन किया था। चूंकि महावीर ने भविष्य में भी उक्त शासक की सफलता की कामना प्रकट की है इसलिये ऐसा अनुमान लगाया जा सकता है कि इस ग्रंथ की रचना नवीं शताब्दी के मध्य में हुई होगी (दे० सन्दर्भ साहित्य सं० [1], [2], [3], [6], [7], [8], [9])।

यह कहना कठिन है कि महावीर भारत के किस भाग में रहते थे। अधिसंख्य विद्वान् उन्हें दक्षिण भारत का निवासी मानते हैं। इसका कारण यह है कि 'गणितसारसंग्रह' की संस्कृत के अतिरिक्त तीन अन्य पाण्डुलिपियों में प्रश्नों की व्याख्या तथा उनके उत्तर कन्नड़ में दिए गए हैं जिसका दक्षिण भारत में मध्य युग में बहुत प्रचार था। इस धारणा के पक्ष में एक तर्क यह भी है कि महावीर जैन धर्म के अनुयायी थे जो मुख्यत: दक्षिण भारत में अधिक प्रचलित है।

'गणितसारसंग्रह' में अंकगणित तथा रेखागणित पूरी तरह से दिए गए हैं, साथ ही बीजगणित तथा संख्या सिद्धांत के भी बहुत-से प्रश्नों पर प्रकाश डाला गया है।

'गणितसारसंग्रह' की विशेषता यह है कि यह पूर्णतया गणित का ग्रंथ है जबकि महावीर से पहले के आचार्यों ने गणित को ज्योतिष की रचनाओं में मिला दिया है। महावीर से पहले की रचनाओं में प्रमुख नियम तो मिलते हैं परन्तु उदाहरण और प्रश्न नगण्य हैं।

महावीराचार्य ने नियम, उदाहरण और प्रश्न सब दिए हैं परन्तु प्रमाण इसमें भी नहीं हैं। इस दृष्टि से यह ग्रन्थ अनेक मध्ययुगीन भारतीय, अरबी और पाश्चात्य ग्रन्थों से भिन्न नहीं है जिनमें विषय का मतांध निरूपण किया जाता था।

गणित के अधिकांश भारतीय ग्रन्थों में तीन भाग होते हैं—मुख्य भाग जिसमें नियम और प्रश्नों की शर्तें दी रहती हैं; विशेष भाग जिसमें प्रश्नों की शर्तों तथा उदाहरणों को इस तरह दिया जाता है कि परिकलन में आसानी हो; और अंत में परवर्ती आचार्यों की टीका दी जाती है। प्रत्येक भाग की अपनी-अपनी विशेषताएँ होती हैं। ग्रन्थ का मुख्य भाग पद्य में होता है जिसमें लय नहीं होती परन्तु छंद का ध्यान रखा जाता है। गणित के चिह्न, रेखाचित्र और सूत्र नहीं दिए जाते हैं, संख्याओं को भी शब्दों के द्वारा व्यक्त किया जाता है। दूसरे भाग में प्रश्नों के प्रतिबंधों (शर्तों) और उदाहरणों को सारणियों या पट्टिकाओं के रूप में दिया जाता है। इस भाग में चिह्नों का व्यापक प्रयोग होता है, रेखागणित के प्रश्नों में रेखाचित्र भी दिए रहते हैं। अंतिम भाग में टीका के साथ प्रश्नों के विस्तृत हल तथा उदाहरण दिए जाते हैं और साथ में अन्य ग्रन्थों के संदर्भ और उद्धरण भी।

महावीराचार्य के ग्रन्थ में नौ अध्याय तथा 1131 श्लोक हैं। इनमें से 452 श्लोक नियमों के हैं तथा 679 श्लोकों में उदाहरण तथा प्रश्न दिए गए हैं।

*इस संक्षिप्त अनुवाद में अंकगणित के अंश को छोड़ दिया गया है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

'गणितसारसंग्रह' मध्ययुगीन भारतीय गणित के ग्रन्थों में सबसे बड़ा है। इसका एक कारण यह है कि इसमें उदाहरणों का अंश मुख्य ग्रन्थ का 3/5वां भाग है। दूसरा कारण यह है कि महावीर ने नियम अधिक विस्तार से दिए हैं। सामान्य नियमों के अतिरिक्त महावीर ने विशिष्ट परिस्थितियों के लिये अलग-अलग नियम भी दिए हैं जो अन्य ग्रन्थों में नहीं मिलते।

संख्याओं के लिये प्रयुक्त शब्द-चिह्न इस प्रकार हैं—

0—आकाश

1—चंद्र

2—नेत्र, हस्त

3—अग्नि, शिव के नेत्र

4—सागर

5—ज्ञानेन्द्रियाँ, बाण

6—ऋतु

7—शिखर, अश्व

8—सेना, हस्ति, दिशाएँ, शरीर

9—संख्याएँ, ग्रह, पदार्थ

यह शब्द-प्रणाली केवल संख्याओं को व्यक्त करने के लिये थी। इसके द्वारा पूरा प्रश्न हल करना असंभव है। इस प्रणाली को समझने के लिये प्राचीन भारतीय साहित्य, धर्म और मिथकों को अच्छी तरह जानना आवश्यक था।

भारत में गणित को बहुत ऊँचा स्थान प्राप्त था। अपने इस ग्रन्थ के आरम्भ में संज्ञाधिकार प्रकरण में गणितशास्त्र की प्रशंसा में महावीराचार्य ने इस प्रकार लिखा है—

लौकिके वैदिके वापि तथा सामायिकेऽपि यः।
व्यापारस्तत्र सर्वत्र संख्यानमुपयुज्यते ॥

कामतन्त्रेऽर्थशास्त्रे च गान्धर्वे नाटकेऽपि वा।
सूपशास्त्रे तथा वैद्ये वास्तुविद्यादिवस्तुषु ॥

छन्दोऽलंकारकाव्येषु तर्कव्याकरणादिषु।
कलागुणेषु सर्वेषु प्रस्तुतं गणितं परम् ॥

सूर्यादिग्रहचारेषु ग्रहणे ग्रहसंयुतौ।
त्रिप्रश्ने चन्द्रवृत्तौ च सर्वत्रांगीकृतं हि तत् ॥

द्वीपसागरशैलानां संख्याव्यासपरिक्षिपः।
भवनव्यन्तरज्योतिर्लोकल्पाधिवासिनाम् ॥

नारकाणां च सर्वेषां श्रेणीबन्धेन्द्रकोत्कराः।
प्रकीर्णकप्रमाणाद्या बुध्यन्ते गणितेन ते ॥

बीज गणित

संस्कृत में बीज गणित के लिए कई नाम हैं। उनमें से एक है अव्यक्त गणित अर्थात् अज्ञात राशि की गणना की कला। अंक गणित में, जिसे व्यक्त गणित भी कहते हैं, ज्ञात राशि की गणना की जाती है।

ऋण संख्याओं के क्रिया नियम जो ब्रह्मगुप्त की रचनाओं में भी मिलते हैं, महावीर ने इस प्रकार दिये हैं :—"यदि ऋण राशि को ऋण राशि से या धन राशि को धन राशि से गुणा किया जाए या उन्हें विभाजित किया जाये तो उनका फल धन राशि ही होगा।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

यदि दो में से एक राशि धन हो और दूसरी ऋण तो फल ऋण आएगा। यदि धन राशि और ऋण राशि का योग किया जाए तो फल उनके अंतर के बराबर होता है। [9,I,50]*

"दो ऋण या दो धन राशियों का योगफल क्रमशः ऋण या धन होगा। धन राशि, जिसे किसी राशि से घटाना हो ऋण बन जाती है जबकि किसी राशि से घटाई जाने वाली ऋण राशि धन हो जाती है।" [9,I,51]

धन और ऋण राशियों का वर्ग धन होता है। इन वर्गों के वर्गमूल क्रमशः धन और ऋण होते हैं। चूंकि ऋण राशि का वर्ग नहीं होता इसलिए इसके वर्गमूल भी नहीं बनाए जा सकते। [9,I, 52]

इसी तरह के कई नियम महावीर के बाद के भारतीय गणितज्ञों ने भी दिये हैं।

विज्ञान के इतिहास में ऋण संख्याओं का सर्वप्रथम उल्लेख चीनी ग्रन्थ "गणित के नौ अध्याय" के आठवें खण्ड में मिलता है। इस ग्रन्थ में ऋण संख्याओं के जोड़ने और घटाने के नियम भी दिए गए हैं। इसमें ऋण संख्याओं के लिए 'फू' शब्द का प्रयोग किया गया है जिसका अर्थ है—ऋण, उधार, कमी। इस दृष्टि से दोनों भाषाओं के शब्द समान ही हैं। भारत में ऋण संख्याओं की शुरुआत ईसा की आरंभिक शताब्दियों में हुई। परंतु, यह स्पष्ट रूप से नहीं कहा जा सकता है कि ऋण संख्याएँ भारतीय गणितज्ञों की ही देन हैं या उन्होंने इन्हें चीन से ग्रहण किया।

रैखिक समीकरण

प्रतिशत, गति, मूल्य की अदायगी आदि के प्रश्नों का हल करते समय या उनके नियम बनाते समय अक्सर रैखिक समीकरण का उपयोग किया जाता है। अनेक प्रकार के प्रश्नों और समस्याओं का हल अज्ञात राशि वाले रैखिक समीकरणों की मदद से निकल सकता है। उदाहरण के लिए:—"यदि किसी राशि के $\frac{1}{8}$; $\frac{1}{4}\cdot\frac{1}{3}$; $\frac{1}{5}\cdot\frac{1}{2}$; $\frac{1}{5}\cdot\frac{1}{3}\cdot\frac{1}{6}$ अंशों का योगफल $\frac{1}{2}$ है तो वह राशि क्या है ?" [9,III,108]

इस प्रश्न को कल्पित नियम के सिद्धांत से हल किया जाता है। "अज्ञात राशि को 1 मानकर इन अंशों का योगफल निकालना चाहिए। अब यदि भागफल को इस ज्ञात योगफल से विभाजित किया जाए तो वह अज्ञात राशि मालूम की जा सकती है। [9,III,107]

एक कल्पित नियम का सिद्धांत उन प्रश्नों के लिए उपयुक्त है जो $ax=b$ तरह के समीकरणों में बदले जा सकते हैं; विशेषकर जबकि कुछ भिन्नों का योगफल 'a' हो। इस स्थिति में x_1 के रूप में वह संख्या चुनी जा सकती है जो कि हर का गुणज हो। यदि समीकरण $ax_1=b_1$ हो, तो हल इस प्रकार होगा :

$$x=x_1\frac{b}{b_1}$$

उपरोक्त नियम परवर्ती अरब और यूरोपीय गणित साहित्य में भी मिलते हैं। सातवीं-आठवीं शताब्दी में बक्षाली हस्तलिपि ग्रंथ में ऐसी समस्याओं के हल दिये गए हैं जिनका समीकरण $ax+b=p$ होता है। यदि समीकरण $ax_1+b=p_1$ हो, तो उसका हल $x=x_1+\frac{p-p_1}{a}$ होगा। [5, पृष्ठ 371]

आर्यभट्ट प्रथम (10, II, 30), ब्रह्मगुप्त (11, XVIII, 43) श्रीपति, भास्कर द्वितीय और नारायण (6, अध्याय 2, पृष्ठ 40-41) ने निम्नलिखित रैखिक समीकरणों को हल करने के नियम दिये हैं :—

$ax+c=bx+d$

ब्रह्मगुप्त का नियम इस प्रकार है :—"एक अज्ञात राशि वाले रैखिक समीकरण में विपरीत क्रम से लिए गए ज्ञात पदों के अंतर को यदि अज्ञात पदों के गुणकों के अंतर से विभाजित किया जाए तो अज्ञात राशि मालूम की जा सकती है।" [6, अध्याय 2; पृष्ठ 40]

$x\left(\frac{a}{b}+\frac{c}{d}+\ldots+\frac{e}{f}\right)+m=x$, इस तरह के समीकरण से संबंधित एक प्रश्न इस प्रकार है :—

१. श्री एम० रंगाचार्य की पुस्तक के संदर्भ अंग्रेजी अनुवाद के अंश के है। अनुवादक —अनु०

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

"यदि एक स्तंभ का $\frac{1}{8}$ भाग जमीन के अंदर है, $\frac{1}{3}$ पानी में, $\frac{1}{4}$ काई में और स्तंभ और 7 हाथ दिखाई दे रहा है तो स्तंभ की लम्बाई क्या होगी ? [9, IV, 5]

इस प्रश्न का हल महावीराचार्य ने इस प्रकार दिया है :—

$$x = \frac{m}{1-\left(\frac{a}{b}+\frac{c}{d}+\ldots+\frac{e}{f}\right)}$$ [9, IV, 4]

"एक राजा ने कुल आमों का $\frac{1}{6}$ भाग लिया, रानी ने शेष का $\frac{1}{5}$, तीन राजकुमारों ने प्रत्येक के शेष भाग का क्रमशः $\frac{1}{4}$, $\frac{1}{3}$, $\frac{1}{2}$ और नन्हें राजकुमार ने बचे हुए 3 आम लिए। जिसे मिश्रित भिन्न के प्रश्न हल करना आता हो वह आमों की कुल संख्या बताए ? [9, IV, 29-30]

इस प्रश्न को निम्नांकित रैखिक समीकरण द्वारा हल किया जा सकता है :

$x-a_1x-a_2(x-a_1x)-a_3[x-a_1x-a_2(x-a_1x)]-\ldots=b,$

इसी प्रश्न को हल करने के लिए महावीराचार्य ने निम्नलिखित नियम दिया है :—

$$x=\frac{b}{(1-a_1)\ (1-a_2)\ldots(1-an)}$$ [9, IV, $4\frac{1}{2}$]

निम्न प्रकार के प्रश्नों को हल करने के लिए दो अज्ञात राशियों वाली दो रैखिक समीकरणों की पद्धति उपयोग में लाई जाती है :

"यदि 9 नींबू और 7 सेबों का मूल्य 107 (पैसे) है; 7 नींबू और 9 सेबों का मूल्य है 101 (पैसे), तो बताओ कि एक नींबू और एक सेब का मूल्य क्या होगा ?" [9, VI, $140\frac{1}{2}-142\frac{1}{2}$]

नींबू के मूल्य को यदि x माना जाए और सेब के मूल्य को y तो निम्नलिखित समीकरण प्राप्त होते हैं :—

$$\begin{cases} 9x+7y=107 \\ 7x+9y=101 \end{cases}$$

इन समीकरणों का सामान्य रूप इस प्रकार होगा :—

$$\begin{cases} ax+by=c \\ bx+ay=d \end{cases}$$

महावीराचार्य की पद्धति पर आधारित एक और प्रश्न नीचे दिया गया है।

"कुल फलों की अधिकतम संख्या से गुणा किये गये कुल फलों के अधिकतम मूल्य में से फलों की न्यूनतम संख्या से गुणा किये गये फलों के न्यूनतम मूल्य को घटाया जाता है। शेष को अधिकतम और न्यूनतम फलों की संख्या के वर्ग के अंतर से विभाजित करने पर अधिकतम फलों का मूल्य ज्ञात होता है। अन्य फलों का मूल्य कुल फलों की संख्या के मूल्य को विपरीत क्रम से गुणा करने पर ज्ञात होता है।" [9, VI, $139\frac{1}{2}$]

इसका हल इस प्रकार है :—

$$x=\frac{ac-bd}{a^2-b^2}; \quad y=\frac{ad-bc}{a^2-b^2}$$

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

छठे अध्याय के श्लोक संख्या 270-272 $\frac{1}{2}$ में एक रोचक प्रश्न दिया गया है : "मुर्गों की लड़ाई के समय एक दर्शक ने दोनों मुर्गों के मालिकों से एक समझौता किया। पहले से उसने कहा कि यदि तुम्हारा मुर्गा जीतेगा तो तुम मुझे जीती हुई राशि दोगे और उसके हारने पर मैं तुम्हें जीती हुई राशि का $\frac{2}{3}$ दूंगा। दूसरे मालिक से उसने कहा कि यदि तुम्हारा मुर्गा जीतेगा तो तुम मुझे जीती हुई राशि दोगे और उसके हारने पर मैं तुम्हें तुम्हारी जीती हुई राशि का $\frac{3}{4}$ दूँगा। दोनों ही स्थितियों में दर्शक को 12 स्वर्ण मुद्राएं मिलेंगी। प्रत्येक मालिक को कितना-कितना पुरस्कार मिलेगा ?"

दोनों मालिकों की राशियों को x और y मानते हुए निम्नलिखित समीकरण बनते हैं :—

$$\begin{cases} x - \frac{3}{4}\ y = 12 \\ y - \frac{2}{3}\ x = 12, \end{cases}$$

या सामान्यतः

$$\begin{cases} x - \frac{c}{d}\ y = m \\ y - \frac{a}{b}\ x = m. \end{cases}$$

महावीराचार्य के अनुसार इस पद्धति का हल इस प्रकार है :—

$$x = \frac{b(c+d)}{(c+d)\cdot b - (a+b)\cdot c} \cdot m$$

[9, VI, $268\frac{1}{2} - 269\frac{1}{2}$].

$$y = \frac{d\ (a+b)}{(a+b).d - (c+d).a} \cdot m$$

इसी प्रकार का प्रश्न भास्कर द्वितीय के ग्रंथ में भी दिया गया है। "एक व्यक्ति ने कहा कि यदि तुम मुझे 100 रुपये दो तो मैं तुमसे दुगुना अमीर हो जाऊंगा। दूसरे ने कहा कि यदि तुम मुझे 10 रुपये दो तो मैं तुमसे छः गुना अमीर हो जाऊँगा। प्रत्येक के पास कितनी पूँजी थी ?" [1, पृष्ठ 137-138]

महावीराचार्य के ग्रंथ के 6-वें अध्याय में श्लोक संख्या $90\frac{1}{2} - 91\frac{1}{2}$ का यह निम्नलिखित प्रश्न तीन अज्ञात राशियों वाली तीन समीकरणों की पद्धति से हल होता है।

"अनार, आम और सेब, प्रत्येक के 3 नगों का मूल्य 2 पन, 5 नगों का 3 पन और 7 नगों का 5 पन है। गणित जानने वाले मेरे मित्र जल्दी से यह बताओ कि 76 पन में कितने फल खरीदोगे जिसमें आम सेब से 3 गुना और अनार से 6 गुना अधिक हों।"

प्रश्न के हल के लिए समीकरण इस प्रकार है :—

$$\begin{cases} \frac{2}{3}x + \frac{3}{5}y + \frac{5}{7}z = 76 \\ y = 3z \\ x = 6z \end{cases}$$

x, y, z-क्रमशः अनार, आम और सेब की संख्या बताते हैं। यह पद्धति बड़ी आसानी से एक अज्ञात राशि वाले समीकरण में बदली जा सकती है।

$$228z = 2660$$

इस प्रश्न का उत्तर है :—कुल खरीदे गये अनार, आम और सेबों की संख्या क्रमशः 70, 35 और $11\frac{2}{3}$ है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

द्विघात समीकरण

महावीराचार्य के ग्रन्थ में द्विघात समीकरण पर अलग से कोई अध्याय नहीं है। फिर भी कई प्रश्नों का हल केवल द्विघात समीकरणों के मूल ज्ञात करने से निकल सकता है। इस तरह का एक प्रश्न है: "ऊंटों के झुंड का $\frac{1}{4}$ भाग जंगल में है, 15 ऊँट नदी के किनारे और शेष ऊँट जो कुल संख्या के वर्गमूल का दुगुना हैं, पहाड़ी पर हैं। ऊँटों की संख्या क्या है?" [9, IV, 34].

झुंड में ऊँटों की संख्या x मानने पर निम्नलिखित समीकरण प्राप्त होगा :

$$\frac{1}{4}x + 2\sqrt{x} + 15 = x.$$

अथवा

$$\frac{a}{b}x + c\sqrt{x} + p = x$$

या फिर,

$$\left(1 - \frac{a}{b}\right)x - c\sqrt{x} = p$$

महावीराचार्य इस द्विघात समीकरण को निम्नलिखित नियम से हल करते हैं :

"वर्गमूल के गुणांक के आधे भाग और मुक्त पद को भिन्न रहित इकाई में विभाजित करना चाहिए। इस प्रकार प्राप्त मुक्त पद के वर्ग के कुल योग के वर्गमूल को प्राप्त गुणांक में जोड़ना चाहिए। इस राशि का वर्ग ही अज्ञात राशि है। मूल संबंधी प्रश्नों को हल करने की रीति यही है। [9, IV, 33]

इस नियम के अनुसार हल इस प्रकार निकलेगा :

$$x = \left[\frac{\frac{c}{2}}{1-\frac{a}{b}} + \sqrt{\left(\frac{\frac{c}{2}}{1-\frac{a}{b}}\right)^2 + \frac{p}{1-\frac{a}{b}}}\right]^2$$

ऐसा प्रतीत होता है कि ब्रह्मगुप्त को भी ज्ञात था कि द्विघात समीकरण के दो मूल होते हैं। टीकाकार पृथुदकस्वामी (सन् 860) के अनुसार इस प्रश्न पर निर्भर करता है कि मूल को जोड़ा जाए या घटाया जाए। [6, खंड 2, पृष्ठ 75).

परंतु ब्रह्मगुप्त के ग्रन्थ में मूलों के इस दोहरे अर्थ का उल्लेख नहीं है।

जैसा कि पहले कहा जा चुका है, महावीराचार्य को वर्गमूलों के दोहरे अर्थ मालूम थे। इसका उपयोग निम्नलिखित प्रश्न को हल करने के नियम में किया गया है :

"मोरों के झुंड का $\frac{1}{16}$ वां भाग, जो अपनी ही संख्या से गुणा किया हुआ है, आम के पेड़ पर बैठा है। शेष का $\frac{1}{9}$ वाँ भाग, स्वयं की संख्या से गुणा किया हुआ अन्य 14 मोरों के साथ 'तमाल' के पेड़ पर है। मोरों की कुल संख्या क्या है? [9, IV, 59]

मोरों की कुल संख्या यदि हम x मान लें तो निम्नलिखित समीकरण प्राप्त होगा :—

$$\frac{x}{16} \cdot \frac{x}{16} + \frac{15x}{16.9} \cdot \frac{15x}{16.9} + 14 = x.$$

या सामान्य रूप में.

$$\frac{a}{b}x^2 - x + p = 0.$$

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इस तरह के समीकरण को हल करने का नियम है :—"अपने ही अंश से विभाजित हर तथा मुक्त पद के चौगुने के अंतर को इस हर से, जो कि अंश से विभाजित हो, गुणा किया जाता है। इसके वर्गमूल को अंश से विभाजित इस हर से जोड़ा और घटाया जाता है। इसका आधा ही अज्ञात राशि है।" [9, IV, 57]

इस तरह,

$$x = \frac{\frac{b}{a} \pm \sqrt{\left(\frac{b}{a} - 4p\right)\frac{b}{a}}}{2}$$

कुछ परिस्थितियों में जबकि द्विघात समीकरण के मूलों में से कोई एक मूल प्रश्न के उपयुक्त नहीं होता है, महावीराचार्य केवल वही मूल चुनते हैं जिसके द्वारा सही हल प्राप्त किया जा सकता है।

उच्चतम क्रम के समीकरण

कुछ ऐसे प्रश्न हैं जिनका हल एक अज्ञात राशि वाले द्विघात समीकरणों से उच्चतर समीकरणों के द्वारा निकलता है। जैसे ज्यामिति श्रेढ़ी के हर 'q' को ज्ञात करने के लिए समीकरण को हल करना होगा।

$$S = aq^n$$

श्रेढ़ी का हर q, $\sqrt[n]{\frac{s}{q}}$ के बराबर है।

$$q = \sqrt[n]{\frac{S}{a}} \qquad [9, II, 97]$$

N—घात के मूल निकालने के नियम महावीराचार्य ने नहीं दिये हैं। स्पष्टतः ऐसे मूलों की एक चुनी हुई सूची दी जाती थी। "ज्यामिति श्रेढ़ी का पहला पद 3 है, कुल पदों की संख्या 6 है और योगफल है 4095। ज्यामिति श्रेढ़ी का हर क्या है ?" [9, II, 102] यह प्रश्न पंचम घात के समीकरण से हल होता है।

$$3\ \frac{x^6-1}{x-1} = 4095$$

या,

$$3\ (x^5 + x^4 + x^3 + x^2 + x + 1) = 4095.$$

यह समीकरण निम्नलिखित नियम से हल किया जाता है। "योगफल को पहले पद से विभाजित करो। प्राप्त भागफल में से प्रत्येक बार एक इकाई घटाओ। इस संख्या में जितने का भाग दिया जाएगा वही संख्या ज्यामिति श्रेढ़ी का हर होगी।" [9, II, 101].

वास्तव में यदि श्रेढ़ी के हर को x मानें तो n—1 घात का समीकरण इस प्रकार होगा :

$$a\ \frac{x^n-1}{x-1} = S.$$

दोनों भागों को पहले पद से विभाजित करने पर और उसमें घटाने पर निम्नलिखित समीकरण प्राप्त होता है :

$$x\ \frac{x^{n-1}-1}{x-1} = S_1$$

x से काटने पर और 1 घटाने पर जो समीकरण बना वह इस प्रकार है :—

$$x\ \frac{x^{n-2}-1}{x-1} = S_2.$$

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

श्रढ़ी का अज्ञात हर जिससे अनुक्रम राशि $S, S_1, S_2, \ldots\ldots S_{n-1}$, को विभाजित किया जाता है, वरण सिद्धांत के द्वारा ज्ञात हो सकता है। इस उदाहरण में $x=4$.

चौथे अध्याय के श्लोक संख्या 54-55 में एक बहुत रोचक प्रश्न दिया गया है। "जंगल में काम कर रहे हाथियों की संख्या है : कुल हाथियों की संख्या के $\frac{2}{3}$ भाग के वर्गमूल के 9 गुणे और शेष हाथियों की संख्या के $\frac{3}{5}$ के वर्गमूल के 6 गुणे का योग। अब यदि इस संख्या में 24 और जोड़ा जाये तो हाथियों की कुल संख्या ज्ञात हो सकती है। वह संख्या क्या है ?

यदि मान लें कि हाथियों की कुल संख्या x हो तो चौथे घात का निम्नलिखित समीकरण प्राप्त होता है :

$$9\sqrt{\frac{2}{3}\cdot}+6\sqrt{\frac{3}{5}\left(x-9\sqrt{\frac{2}{3}\ x}\right)}+24=x.$$

महावीराचार्य के अनुसार इसका हल निकालने के लिए दो द्विघात समीकरणों का आश्रय लेना पड़ता है।

यदि $y = x-9\sqrt{\frac{2}{3}}\ x$, हो तो द्विघात समीकरण होगा

$$y-6\sqrt{\frac{2}{3}\ y}=24.$$

$$y_1 = 60; \quad y_2 = \frac{48}{5}.$$

y_1 के मूल्य को पहले समीकरण में रखने पर निम्नलिखित समीकरण प्राप्त होता है :

$$x-9\sqrt{\frac{2}{3}\ x}=60.$$

$$x_1 = 150; \ x_2 = 24.$$

द्विघात समीकरण,

$$x-9\sqrt{\frac{2}{3}\ x}=\frac{48}{5}$$

के पूर्ण मूल नहीं हैं। केवल $x = 150$ ही उपयुक्त है।

चौथे अध्याय के 56 वें श्लोक में दिया गया प्रश्न 8वें घात के समीकरण से हल होता है। "सुअरों की एक निश्चित संख्या—झुंड के $\frac{1}{2}$ भाग के वर्गमूल की चौगुनी—जंगल में है। झुंड का एक हिस्सा—शेष संख्या के $\frac{1}{10}$ भाग के वर्गमूल के दुगुने का 4 गुना—पहाड़ी पर है। दूसरे हिस्से के सुअर नदी की तरफ जा रहे हैं जिनकी संख्या है शेष के आधे के वर्गमूल का 9 गुणा। इसके अलावा झुंड में 56 सुअर और हैं। कुल कितने सुअर हैं ?"

सुअरों की कुल संख्या को x मानते हुए समीकरण बनेगा :

$$4\sqrt{\frac{x}{2}}+8\sqrt{\frac{1}{10}\left(x-4\sqrt{\frac{x}{2}}\right)}$$

$$+9\sqrt{\frac{1}{2}\left[x-4\sqrt{\frac{x}{2}}-8\sqrt{\frac{1}{10}\left(x-4\sqrt{\frac{x}{2}}\right)}\right]}+56=x.$$

महावीराचार्य के अनुसार, इस समीकरण का क्रमिक हल तीन द्विघात समीकरणों से निकलता है।

यदि $y = x-4\sqrt{\frac{x}{2}}$,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तो, $y-8\sqrt{\frac{y}{10}}-9\sqrt{\frac{1}{2}\left(y-8\sqrt{\frac{y}{10}}\right)}=56.$

यदि $z=y-8\sqrt{\frac{4}{10}}.$

तो $z-9\sqrt{\frac{z}{2}}=56.$

अंत में x का मान निकला 200.

श्रेढ़ी

भारतीय गणित साहित्य में अंकगणित श्रेढ़ी और ज्यामिति श्रेढ़ी का प्रमुख स्थान रहा है। कुछ तरह के प्रश्न असाधारण तौर पर लोकप्रिय हुए; जैसे शतरंज के आविष्कार से संबंधित प्रश्न, जिससे कि ज्यामिति श्रेढ़ी के योगफल निकाले गये जिनमें हर का मान संख्या 2 था। यही नहीं, इस तरह के ज्यामिति श्रेढ़ी के योगफल निकालने संबंधी प्रश्नों का उल्लेख प्राचीन चीनी ग्रन्थ "गणित के नौ अध्याय" में भी है।

श्रेढ़ी का उल्लेख बहुत सी गणित की पुस्तकों तथा नक्षत्रविद्या के ग्रन्थों के गणित संबंधी अध्यायों में मिलता है। इन ग्रन्थों में कभी-कभी श्रेढ़ी के नियम और प्रश्न इतनी अधिक मात्रा में हो जाते थे कि उनके लिए "श्रेढ़ी व्यवहार" का एक विशेष खंड अलग से दिया जाता था।

अंकगणित श्रेढ़ी के प्रश्नों को हल करने के नियम महावीराचार्य के अनुसार इस प्रकार थे :—

$$a_1=\frac{S-\frac{(n-1)}{2}d.n}{n}, \qquad [9, II, 73]$$

$$a_1=\frac{S}{n}-\frac{n-1}{2}.d \qquad [9, II, 74]$$

$$a_1=\frac{\frac{2S}{n}-(n-1).d,}{2} \qquad [9, II, 76]$$

$$d=\frac{\frac{S}{n}-a}{\frac{n-1}{2}}=\frac{\frac{2S}{n}-2a}{n-1}. \qquad [9, II, 75]$$

अंकगणित श्रेढ़ी के योगफल और पदों की संख्या ज्ञात करने के नियम, जो उनसे पहले के गणितज्ञों ने बनाए थे, महावीराचार्य ने इस प्रकार दिये हैं :—

$$S=\left[\frac{n-1}{2}.d+a_1\right].n, \qquad [9, II, 61]$$

$$S=\frac{[(n-1).d+2a_1].n.}{2} \qquad [9, II, 62]$$

$$S=\left(\frac{a_1+a_n}{2}\right).n, \qquad [9, II, 64]$$

$$n=\frac{\sqrt{2dS+\left(\frac{d}{2}-a\right)^2}+\frac{d}{2}-a}{d}. \qquad [9, III, 33]$$

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

निम्नलिखित नियम बहुत ही रोचक ढंग से बनाया गया है। किसी भी संख्या वाले अंकगणित श्रेढ़ी के पदों के पहले पद के लिए संख्या 1 ली जाती है। पहले पद से घटाई हुई पदों की संख्या को पदों की संख्या और 1 के अंतर के आधे से विभाजित करने पर जो संख्या प्राप्त होती है उसे श्रेढ़ी का अंतर मान सकते हैं। योगफल पदों की कुल संख्या के वर्ग के बराबर हुआ। यह संख्या, जिसे पदों की संख्या से गुणा किया जाता है, पदों की संख्या के घन के बराबर होती है। [9, 31C, 33]

स्पष्टतः यहाँ महावीराचार्य अंकगणित श्रेढ़ी की बात कर रहे हैं।

$$S=\sum_{k=1}^{n}(2k-1)=n^2,$$

$$S.\ n=n^2.\ n=n^3.$$

ज्यामिति श्रेढ़ी के नियम और प्रश्न आर्यभट्ट और ब्रह्मगुप्त के ग्रन्थों में नहीं मिलते हैं। ज्यामिति श्रेढ़ी के योगफल और पद निकालने के नियम सबसे पहले महावीर ने दिये। उसके बाद श्रीधर और भास्कर द्वितीय ने इन्हें इस प्रकार प्रस्तुत किया :—

$$a_{n+1}=a.q^n$$

[9, II, 93]

$$S=\frac{aq^n-a}{q-1}.$$

महावीराचार्य के ग्रंथ में इन नियमों और उनके विविध प्रकारों के उदाहरण दिये गये हैं।

संचय विन्यास

छठे अध्याय के 218वें श्लोक में मिश्रित संख्याओं के संचय ज्ञात करने का सूत्र दिया गया है जो इस प्रकार है :—

$$C_n^m=\frac{n(n-1)\ (n-2)\ldots[n-(m-1)]}{1.2\ 3\ldots m}$$

इसी नियम के 3 उदाहरण हैं जिनमें से एक इस प्रकार है :—"हीरा, नीलम, पन्ना, मूंगा और मोतियों के विविध प्रकार के कितने हार बनेंगे ?" [9, VI, 220]

ऐसा ही सूत्र और ऐसे ही उदाहरण श्रीधर और नारायण ने भी दिये हैं।

संख्या श्रृंखलाओं का योगफल

छठे अध्याय में महावीर ने संख्या श्रृंखला के योगफल निकालने के कुछ नियम दिये हैं। प्राकृतिक संख्या श्रृंखला के वर्गों का योगफल इस प्रकार हुआ :—

$$\sum_{k=1}^{n}k^2=\frac{[2\ (n+1)^2-(n+1)]\frac{n}{2}}{3}$$

[9, IV, 296]

अंकगणित श्रेढ़ी के पदों के वर्गों का योगफल है :—

$$\sum_{k=1}^{n}[a+(k-1)\ d]^2=n\left\{\left[\frac{(2n-1)d^2}{6}+ad\right](n-1)\ +a^2\right\}$$

[9, VI, 298]

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्राकृतिक संख्या श्रृंखला के घनों का योगफल इस प्रकार है :—

$$\sum_{k=1}^{n} k^3 = \left(\frac{n}{2}\right)^2 (n+1)^2. \qquad [9, VI, 301]$$

अंकगणित श्रेढ़ी के पदों के घनों का योगफल है :—

$$\sum_{k=1}^{n} [a+(k-1)\,d\,]^3 = S\,a\cdot(a-d)+S^2\cdot d, \qquad [9, VI, 303]$$

इसमें S का मान इसी श्रेढ़ी के पदों का योगफल है।

पहली n प्राकृतिक संख्या श्रृंखला के वर्ग और घनों को निकालने की विधि का उल्लेख आर्यभट्ट प्रथम से लेकर नारायण आदि सभी भारतीय आचार्यों के ग्रंथों में मिलता है। यह विधियाँ बाबीलोन और मिस्र के निवासियों, यूनानियों और चीन के लोगों को भी ज्ञात थीं। बाद में इन विधियों का उल्लेख अरब और पश्चिम यूरोप के गणित साहित्य में भी मिलता है। यही नियम बाद में श्रीधर और नारायण के ग्रन्थों में भी मिलते हैं। [4, पृ० 233, 255]

संख्या सिद्धांत

भारतीय गणितज्ञों ने संपूर्ण धन संख्याओं की एल्गोरिथ्म विधि बनाई जिसका उद्देश्य पहले और दूसरे घात के अनिश्चित समीकरणों का हल निकालना था। महावीर के अनुसार संपूर्ण धन संख्याओं के अनिश्चित समीकरणों को हल करने का नियम इस प्रकार है :—

$$a\,x \pm C = b\,y \qquad [9, VII, 115\tfrac{1}{2}\ ,\ 136\tfrac{1}{2}]$$

हल निकालने की यह विधि आर्यभट्ट प्रथम, ब्रह्मगुप्त और भास्कर द्वितीय के नियमों पर आधारित है। यह विधियाँ विस्तारपूर्वक युश्क्येविच की पुस्तक में दी गई हैं। (1, पृ० 144-147)

सामान्य नियमों के अलावा महावीर ने कुछ विशिष्ट परिस्थितियों में हल निकालने की विधि भी बताई।

"दो सोने की छड़ों में, जिनका भार क्रमश: 16 और 10 है, सोने की मात्रा अज्ञात है। लेकिन दोनों को मिला देने पर सोने की मात्रा 4 है। प्रत्येक छड़ में सोने की मात्रा क्या है ?" [9, VI, 188]

यह प्रश्न निम्नलिखित अनिश्चित समीकरण में बदला जा सकता है :—

$16x+10y=4\ (16+10)$

यहाँ x और y छड़ों में सोने की मात्रा है।

सामान्य समीकरण इस प्रकार हुआ,

$$ax+by=c\ (a+b)$$

या,

$$a(x-c)=b(c-y)$$

इनका हल है,

$$x = C \pm \frac{1}{a},$$

$$y = C \pm \frac{1}{b}.$$

इस समीकरण को हल करने का नियम इस प्रकार है :—

"सोने को दो अलग-अलग स्थानों पर रखें। छड़ों में सोने के ज्ञात भार को एक से विभाजित करके बारी-बारी से एक घटाने और एक जोड़ने पर सोने की मात्रा ज्ञात की जा सकती है।" इससे आगे महावीर लिखते हैं कि यदि स्वेच्छ संख्या को पहली छड़ में सोने की मात्रा मानें तो दूसरी छड़ में सोने की मात्रा पहले की तरह मालूम की जा सकती है। [9, VI, 189]

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रतिशत, क्रय, विक्रय और कुछ दूसरी प्रकार के प्रश्नों के लिए अज्ञात पदों वाले रैखिक समीकरण प्रयोग में लाये जाते हैं। छठे अध्याय के 160 से 162वें श्लोकों में दिये गये प्रश्न से निम्नलिखित समीकरण बनता है :—

$x_1+x_2+x_3+x_4=\frac{a+b+c+d}{3}$. यहाँ a, b, c, d—ज्ञात राशियाँ हैं। महावीर के अनुसार इस प्रश्न का हल इस प्रकार है :—

$$x_1=\frac{a+b+c+d}{3}-a$$

$$x_2=\frac{a+b+c+d}{3}-b$$

$$x_3=\frac{a+b+c+d}{3}-c \qquad [9, \text{VII}, 159]$$

$$x_4=\frac{a+b+c+d}{3}-d$$

आर्यभट्ट प्रथम और नारायण द्वारा दिये गये हल भी ऐसे ही हैं। ईसा पूर्व प्रथम सहस्राब्दि के मध्य में लिखे गये "रज्जू नियमों" में समीकरण $x^2+y^2=z^2$ के परिमेय हल दिये गये हैं। संपूर्ण संख्याओं के हल सबसे पहले ब्रह्मगुप्त और फिर महावीर ने निकाले, जो इस प्रकार है :—

$p^2-q^2, 2pq, p^2+q^2$. यहाँ p,q स्वेच्छ संख्याएँ हैं जो कि प्राचीन यूनानियों के भी पहले ज्ञात थीं।

"दो और तीन तत्त्वों से एक आकृति बनाओ !" $[9, \text{VII}, 92\frac{1}{2}]$

समीकरण $x^2+a^2=z^3$ के परिमेय हल महावीर के अनुसार इस प्रकार हैं :—

$$a, \frac{1}{2}\left(\frac{a^2}{p^2}-p^2\right), \frac{1}{2}\left(\frac{a^2}{p^2}+p^2\right);$$

$$a, \frac{a^2}{4p^2}-p^2, \frac{a^2}{4p^2}+p^2 \qquad [9, \text{VI}, 95\frac{1}{2}, 97, \frac{1}{2}]$$

यहाँ p स्वेच्छ संख्या है।

समीकरण $x^2+y^2=c^2$ के परिमेय हल इस प्रकार हुए :—

$$p^2, \sqrt{c^2-p4,}\ c \qquad (9, \text{VII}, 95\frac{1}{2}, 97\frac{1}{2}]$$

$$p, \sqrt{c^2-p^2,}\ c.$$

चूंकि संख्या p का चुनना कठिन न था इसलिए महावीर ने एक और हल ढूंढ निकाला।

$$\frac{m^2-n^2}{m^2+n^2}.\ c, \quad \frac{2mn}{m^2+n^2}.\ c, c. \qquad [9, \text{VII}, 122\frac{1}{2}]$$

सातवें अध्याय के $112\frac{1}{2}$वें श्लोक में महावीर ने समीकरण प्रणाली

$$\begin{cases} x^2+y^2=z^2 \\ mx+ny+pz=rxy \end{cases}$$ को हल करने की विधि बताई। यहाँ $m, n, p, r(\neq 0)$ स्वेच्छ संख्याएँ हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

यदि तीनों राशियाँ, जो कि $x_1^2+y_1^2=z_1^2$ समीकरण के उपयुक्त हों, तब समीकरण इस प्रकार होगा :—

$$mx_1+ny_1+pz_1=R$$

इस स्थिति में प्रणाली का हल इस प्रकार है :—

$$\begin{cases} x=x^1.\dfrac{R}{rx_1y_1}=\dfrac{R}{ry_1} \\ y=y_1.\dfrac{R}{rx_1y_1}=\dfrac{R}{rx_1} \\ z=z^1.\dfrac{R}{rx_1y_1}. \end{cases}$$

इसी विधि से महावीर निम्नलिखित प्रश्न हल करते हैं। "एक आयत का क्षेत्रफल उसके परिमाप के बराबर है। उसकी भजाओं का माप बताओ।" [9, VII, 115]

"एक आयत का क्षेत्रफल उसके विकर्णों के माप के बराबर है। उसकी भुजाएँ किसके बराबर हैं ?"

[9, VII, $115\frac{1}{2}$]

पहले प्रश्न में प्राप्त समीकरण प्रणाली इस प्रकार है :—

$$\begin{cases} x^2+y^2=z^2 \\ 2x+2y=xy, \end{cases}$$

दूसरे में,

$$\begin{cases} x^2+y^2=z^2 \\ z=xy \end{cases}$$

a^2-b^2, $2ab$, a^2+b^2 को पाइथेगोरस संख्याएँ मानते हुए पहली समीकरण प्रणाली का हल इस प्रकार होगा :—

$$\frac{2(a^2-b^2)+4ab}{2ab}, \quad \frac{2(a^2-b^2)+4ab}{a^2-b^2},$$

$$\frac{2(a^2-b^2)+4ab}{2ab(a^2-b^3)}.(a^2-b^2),$$

और दूसरी प्रणाली का हल,

$$\frac{a^2+b^2}{2ab}, \quad \frac{a^2+b^2}{a^2-b^2}, \quad \frac{(a^2+b^2)}{2ab(a^2-b^2)}$$

महावीर, भास्कर द्वितीय और नारायण ने कई उदाहरण दिये हैं जो कि तीसरे घात के अनिश्चित समीकरण बनाते हैं। उदाहरण के लिए, महावीर के अनुसार अंकगणित श्रेढ़ी के योगफल से पहले पद, पदों की संख्या और श्रेढ़ी का अंतर ज्ञात किया जा सकता है। इस प्रश्न का हल 3 अज्ञात राशियों वाले अनिश्चित समीकरणों से प्राप्त होगा।

$$S=\left[a+\frac{d(n-1)}{2}\right].n.$$

हल करने का नियम इस प्रकार है :—

योगफल को उसके किसी भी भाजक से, जो कि पदों की संख्या होगा, विभाजित करो। स्वेच्छ संख्या को भागफल से घटाओ, घटाने पर जो संख्या आएगी वह पहला पद होगी। प्राप्त अंतर कुल पदों की संख्या के आधे से विभाजित, जो कि 1 से घटाया गया हो, श्रेढ़ी का अंतर कहलाता है। [9, VII, 78]

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्षेत्रफल का माप

ज्यामिति के अध्याय के आरंभ में महावीर लिखते हैं कि क्षेत्रफल का माप दो प्रकार का होना चाहिए—व्यावहारिक आवश्यकताओं के लिए सन्निकट माप और यथार्थ माप।

गणित में पारंगत विद्वान् कई प्रकार की आकृतियों से परिचित हैं जिनमें त्रिकोण, चतुर्भुज और वक्र रेखाओं से बनी आकृतियाँ शामिल हैं। [9, VII, 2-3]

इसके बाद आकृतियों के प्रकार का बिवरण दिया गया है जैसे, त्रिकोण तीन प्रकार के होते हैं, चतुर्भुज 5 प्रकार के और वक्र रेखाओं से बनी आकृतियाँ 8 प्रकार की होती हैं। बाकी सभी आकृतियाँ इन्हीं आकृतियों से बनती हैं। गणितज्ञों के अनुसार त्रिकोण तीन प्रकार के होते हैं—समबाहु, समद्विबाहु और विषमबाहु। चतुर्भुज समबाहु, दो बराबर भुजाओं वाले, दो विपरीत बराबर भुजाओं वाले, तीन बराबर भुजाओं वाले और विषमबाहु होते हैं। वृत्त, अर्धवृत्त, आयतवृत्त, कम्बुकावृत्त, निम्नवृत्त, उन्नतवृत्त, बाह्य वलय और भीतरी वलय—यह वक्र रेखाओं से बनी आकृतियों के प्रकार हैं। [9, VII, 4—6]

इसके बाद महावीर ने प्रत्येक सन्निकट और यथार्थ आकृतियों के लिए सूत्र बनाए।

त्रिकोण और चतुर्भुज के सन्निकट क्षेत्रफल ज्ञात करने का नियम इस प्रकार है—"विपरीत भुजाओं के योगफल के आधे का गुणनफल, त्रिकोण और चतुर्भुज के क्षेत्रफल के बराबर होता है। [9, VII, 7]

ब्रह्मगुप्त ने त्रिकोण और चतुर्भुज के क्षेत्रफल ज्ञात करने के लिए सन्निकट सूत्र बनाये जो क्रमशः इस प्रकार हैं :—

$$S = \frac{a}{2} \cdot \frac{b+c}{2}$$

और,
$$S = \frac{a+c}{2} \cdot \frac{b+d}{2}$$

चतुर्भुज का सन्निकट क्षेत्रफल ज्ञात करने का सूत्र मिस्र के विद्वानों को भी ज्ञात था।

इसी सूत्र के लिए महावीर ने 11 उदाहरण दिये हैं जिनमें से कुछ इस प्रकार हैं :—

"एक त्रिभुज की पार्श्व भुजा, विपरीत भुजा और आधार का माप है 8 दंड। बताओ उसका सन्निकट क्षेत्रफल क्या है ?" [9, VII, 8]

"दो समान भुजाओं वाले एक त्रिभुज की समान भुजाओं की लंबाई है 77 दंड। आधार की लंबाई है 22 दंड और 2 हस्त। त्रिभुज का क्षेत्रफल क्या है ?" [9, VII, 9]

"3 समान भुजाओं वाले एक चतुर्भुज की प्रत्येक समान भुजा का माप 100 दंड है, आधार का माप है 8 दंड और 3 हस्त। चतुर्भुज का क्षेत्रफल बताओ।" [9, VII, 15]

चतुर्भुज का यथार्थ क्षेत्रफल है,

$$S = \sqrt{(p-a)(p-b)(p-c)(p-d)},$$

$$S = h \cdot \frac{a+c}{2}. \qquad [9, VII, 50]$$



चित्र : 1

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

महावीर कहते हैं कि यदि चतुर्भुज विषमबाहु है तब दूसरे सूत्र का उपयोग नहीं किया जा सकता। पहला सूत्र ब्रह्मगुप्त और श्रीधर ने दिया। [4, पृ० 239]

छठे अध्याय के 84वें श्लोक में चतुर्भुज के विकर्ण निकालने के सूत्र दिये गये हैं।

$$\text{विकर्ण} = \sqrt{\frac{(ac+bd)(ab+cd)}{ad+bc}}$$

$$\text{विकर्ण} = \sqrt{\frac{(ac+bd)(ad+bc)}{ab+cd}} \qquad [9, \text{VII}, 54]$$

यह सभी सूत्र चक्रीय चतुर्भुजों के लिए उपयुक्त हैं। इन सूत्रों को समझने के लिए निम्नलिखित उदाहरण दिये गये हैं :

"एक समान भुजाओं वाले चतुर्भुज की भुजाओं का माप 5 है। बताओ कि विकर्ण का माप और यथार्थ क्षेत्रफल क्या है ?" [9, VII, 55]

"तीन समान भुजाओं वाले एक चतुर्भुज की प्रत्येक भुजा का माप है 13 का वर्ग, और आधार 407 है। विकर्ण, ऊँचाई और क्षेत्रफल बताओ।" [9, VII, 58]

"एक वृत्त की परिधि का माप उसके व्यास का 3 गुना है। उसके अर्धव्यास के वर्ग का तिगुना वृत्त का क्षेत्रफल है। गणितज्ञों के अनुसार अर्धवृत्त का क्षेत्रफल और अर्धपरिधि का माप उपर्युक्त परिणामों का आधा होता है।" [9, VII, 19]

इस तरह,

$$l = 3d, \quad S = \frac{3d^2}{4},$$



चित्र : 2

यहां $\pi \approx 3$ है। यदि $\pi \approx \sqrt{10}$ हो तो महावीर सही सूत्र इस तरह बताते हैं :—

$$l = \sqrt{10d^2}, S = \sqrt{10\left(\frac{d}{2}\right)^4} \qquad [9, \text{VII}, 60]$$

बहुत-से उदाहरण इन्हीं सूत्रों से हल किये जाते हैं। आयतवृत्त का परिमाप और क्षेत्रफल निकालने का नियम इस प्रकार है :—लघुव्यास के आधे से बढ़ाया हुआ और 2 से गुणा किया हुआ दीर्घव्यास ही आयतवृत्त का परिमाप होता है। परिमाप से गुणा किया हुआ लघुव्यास का चौथा भाग आयतवृत्त का क्षेत्रफल होता है। [9, VII, 21]



चित्र : 3

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दीर्घव्यास को a और लघुव्यास को b मानते हुए महावीर के अनुसार परिमाप हुआ $2a+b$, और आयतवृत्त का क्षेत्रफल होगा

$$S = \frac{b}{4}(2a+b)$$

परिमाप और क्षेत्रफल निकालने के सही सूत्र निम्नलिखित नियम से प्राप्त किये जा सकते हैं :—

"लघुव्यास के वर्ग के छः गुने और दीर्घव्यास के वर्ग के दुगुने को जोड़ो। इसका वर्गमूल वृत्त के परिमाप के बराबर हुआ। परिमाप को लघुव्यास के चौथे भाग से गुणा करने पर आयतवृत्त का सही क्षेत्रफल निकाला जा सकता है। [9, VII, 63]

$$l = \sqrt{6b^2+4a^2}$$

$$S = \frac{b}{4}\sqrt{6b^2+4a^2}$$

यह स्पष्ट है कि आयतवृत्त का क्षेत्रफल निकालने का सूत्र वृत्त के क्षेत्रफल निकालने के सूत्र से ही बना है।

$$S = \frac{d}{4}\, l,$$

वृत्त की परिधि और आयतवृत्त की परिधि निकालने के सूत्रों में भी साम्य है।

$$l = \sqrt{10d^2} = \sqrt{6d^2+4d^2}.$$

महावीर निम्नलिखित उदाहरण देते हैं :—

"एक आयतवृत्त के दीर्घव्यास की लंबाई है 36 और लघुव्यास की लंबाई 12 है। उसका परिमाप और क्षेत्रफल बताओ।"
[9, VII, 64]

म० रंगाचार्य [9] और उनके बाद जी० सारटोन [8, खंड 1, पृष्ठ 570] के अनुसार एक आयतवृत्त दीर्घवृत्त ही होता है। इस दृष्टिकोण से सहमत नहीं हुआ जा सकता है।

सीप के आकार की आकृति (कम्बुकावृत्त) का, जो कि दो जुड़े हुए विभिन्न व्यास वाले अर्धवृत्तों से बनती है, सन्निकट परिमाप और क्षेत्रफल वृत्त के लिए बने नियमों से निकाले जा सकते हैं।



चित्र : 4

"अधिकतम चौड़ाई से सीप के मुंह की चौड़ाई का आधा घटाने पर और 3 से गुणा करने पर आकृति का परिमाप ज्ञात होता है। इस परिमाप के आधे के वर्ग के एक तिहाई को यदि सीप के मुंह की चौड़ाई के आधे के वर्ग के $\frac{3}{4}$ से गुणा किया जाय तो सीप का क्षेत्रफल ज्ञात होगा।" [9, VII, 23]

अधिकतम चौड़ाई अर्थात् दीर्घवृत्त के व्यास को a और सीप के मुंह की चौड़ाई को b मानते हुए परिमाप होगा,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

$$l = 3\left(a - \frac{1}{2}b\right),$$

और क्षेत्रफल,

$$S = \frac{1}{3}\left[\frac{3\left(a - \frac{1}{2}b\right)^2}{2}\right] \frac{3}{4}\left(\frac{b}{2}\right)^2$$

